आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 22.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

......................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में राष्ट्रीय जल पुरस्कार एक सराहनीय कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और प्रबंधन के लिए विजेता राज्यों द्वारा किये गये कार्य दूसरे राज्यों के लिए उदाहरण बनेंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की थी। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, जल प्रयोक्ता संघ और सिविल सोसाइटी की श्रेणियां शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में ओडिशा ने पहला स्थान हासिल किया। प्रत्येक विजेता को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ–साथ नकद पुरस्कार प्रदान किये गए। केन्द्र सरकार, जल प्रबंधन और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक अभियान चला रही है। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए देशभर से ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को चुना जाता है जो सरकार के जल समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य और प्रयास कर रहे हैं।

......................

देश आज स्वतंत्रता सेनानी और 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के वीर योद्धा अशफाक उल्ला खान को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दे रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अशफाक उल्ला खान को श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापकों में से एक थे, जिन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन के जरिए अंग्रेजों में डर पैदा किया था। श्री शाह ने कहा कि उनके क्रांतिकारी विचार और कविताएं युवाओं को देश की आजादी के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बनीं। सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने भी अशफाक उल्ला खान को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अशफाक उल्ला खान को श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महान क्रांतिकारी और अमर शहीद अशफाक उल्ला खान का देश की स्वतंत्रता के लिए दिया गया बलिदान युगों–युगों तक भावी पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

......................

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से प्रदेश में समान पात्रता परीक्षा–सीईटी आयोजित की जा रही है। 24 अक्टूबर तक चलने वाली इस परीक्षा में करीब 18 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी पंजीकृत किये गये है। जयपुर में डेढ सौ परीक्षा केन्द्रों पर इसका आयोजन किया जा रहा है जिनमें तीन लाख ग्यारह हजार से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों के लिए राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई हैं। परीक्षा के सफल संचालन के लिए उप समन्वयक और उडन दस्ते तैनात किये गये है। रोजाना दो पारियों में होने वाली इस परीक्षा में आज पहले दिन पहली पारी सम्पन्न हो गई है।

......................

प्रदेश में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर बादल छाये रहे और कहीं–कहीं बारिश हुई। सबसे ज्यादा 43 मिलीमीटर बारिश भीलवाडा के बनेड़ा में दर्ज की गयी। श्री गंगानगर जिले के सूरतगढ़ में कुछ स्थानों पर आज सुबह हल्की बरसात हुई। डीग जिले में ठंडी हवाओं के चलने से हल्की सर्दी का ऐहसास होने लगा है। चित्तौड़गढ़ में कल अचानक मौसम का मिजाज बदला। शाम को तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। बेमौसम हुई इस बरसात से खेतो में कटी हुई फसलो को नुकसान पहुंचने की आशंका है। जोधपुर ग्रामीण जिले में शाम को तेज आंधी के साथ ओसियां, शेरगढ़, पीपाड़, भोपालगढ़, तिंवरी और बिलाड़ा उपखंड में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज भीलवाडा और अजमेर में कहीं–कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

.......................

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को आईसीसी महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्व कप 2024 प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी द्वारा घोषित 12 सदस्यीय टीम में वह भारत की एकमात्र खिलाड़ी हैं। आईसीसी की इस टीम में सात देशों की महिला खिलाड़ी शामिल हैं। हाल ही में हुए महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में हरमनप्रीत कौर ने भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चार पारियों में एक सौ 50 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका की कप्तान, लॉरा वोल्वाड्र्ट को इस सर्वश्रेष्ठ टीम का कप्तान चुना गया है।

.......................